# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, खगड़िया।

पत्रांक :– 678 (अनु0) खगड़िया/ दिनांक :– 21/07/22

प्रेषक,

**कार्यपालक अभियंता,**
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमण्डल, खगड़िया।

सेवा में,

**वरीय उप समाहर्त्ता,**
जिला सामान्य शाखा,
खगड़िया।

**विषय :–** **इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (वि0प्र0), बेगूसराय मंडल कार्यालय, बेगूसराय द्वारा खगड़िया जिलान्तर्गत मौजा–बछौता, थाना–मोरकाही, थाना नं0–190, प्लॉट नं0–356, खाता नं0–168 में IOCL का किसान सेवा केन्द्र के अनापत्ति के संबंध में।**

प्रसंग :– आपका पत्रांक–IV-48/2021-1521, दिनांक–01.12.2021, मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–776(अनु0) दिनांक–01.07.2022 एवं अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, सहरसा का पत्रांक–836(अनु0) दिनांक–20.07.2022

महाशय,

O/C

उपर्युक्त विषयक आपके प्रासंगिक पत्र के आलोक में मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना एवं अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, सहरसा के प्रासंगिक पत्र द्वारा पथ प्रमंडल खगड़िया अन्तर्गत मौजा–बछौता, थाना–मोरकाही, थाना नं0–190, प्लॉट नं0–356, खाता नं0–168 में IOCL का किसान सेवा केन्द्र की स्थापना करने हेतु पथ निर्माण विभाग की भूमि को पहुँच पथ के रूप में विकसीत कर व्यवहार करने हेतु 05 (पाँच) वर्षो के लिए अनापत्ति प्रमाण–पत्र विभागीय निदेश (पत्रांक–4770 (ई0) दिनांक–24.08.2017) तथा संकल्प ज्ञापांक–1921(S) दिनांक–08.03.2018 के आलोक में निम्न शर्त्तो पर प्रदान की गयी है :–

i. भविष्य में यदि आवेदक द्वारा प्रस्तावित स्थल के संबंध में दी गई सूचना में कोई त्रुटि पाई जाती है, तो यह अनापत्ति प्रमाण–पत्र स्वतः निरस्त समझा जायेगा।
ii. पेट्रोल पम्प के अनुमोदित नक्शा की एक प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु मूल में लौटाई जाती है।
iii. प्रत्येक 5 वर्ष के बाद रिटेल आउटलेट का नवीकरण कराना अनिवार्य होगा।
iv. विभागीय पत्रांक–4770(E) दिनांक–24.08.2017 के कंडिका–6 का अनुपालन दृढ़ता से सुनिश्चित किया जाएगा।

अतः मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना एवं अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, सहरसा के प्रासंगिक पत्र की छाया प्रति एवं अनुमोदित नक्शा मूल में एक प्रति इस पत्र के साथ संलग्न करते हुए सूचनार्थ एवं अग्रतर कार्रवाई हेतु समर्पित की जाती है।

अनु0 :– यथोक्त।

विश्वासभाजन

21/7/22

**कार्यपालक अभियंता**
पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमण्डल, खगड़िया।

21-07-22

D:\OLD CD\Letter\RCD\preshit\sahayak abhiyanta\IOCL\Prabhari Padhadhikari.docx